# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय (हल्द्वानी)

# B. A. Yoga (Hons)

# Admission Information Brochure

# बी०ए० योग (ऑनर्स)

# प्रवेश सूचना विवरणिका

# सत्र 2025-26

# School of Health Science (Department of Yoga)

यद्यपि इस विवरणिका में सूचना / तथ्यों / नियमों के मुद्रण में पूर्ण सावधानी का पालन किया गया है, फिर भी यदि इस संबंध में कोई त्रुटि अथवा विसंगति पायी जाती है तो शासन अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत आधिकारिक सूचनाएं ही प्रभावी और सर्वमान्य होंगे।

| **Name** | **Designation** | **E-mail** |
|---|---|---|
| Prof.Manjari agrawal | Director, School of Health science | magrawal@uou.ac.in |
| Dr. Bhanu Prakash Joshi | Associate Professor & Programme Coodinator | bhanujoshi@uou.ac.in |
| Dr. Deepak Kumar | Assistant Professor | deepakkumar@uou.ac.in |
| Dr. Anil Kothari | Assistant Professor(AC) | akothari@uou.ac.in |
| Dr. Neeta Deolia | Assistant Professor(AC) | ndeolia@uou.ac.in |
| Mrs. Diksha Bisht | Assistant Professor(AC) | dbisht@uou.ac.in |
| Mr. Lalit Mohan | Yoga Coach | lbinwal@uou.ac.in |
| Mr. Yashwant Kumar | Assistant Yoga Coach | ykumar@uou.ac.in |

Although due care has been taken while printing the information/rules/facts in the Prospectus, yet if any error or discrepancy comes into notice at the later stage, then the official information/ defined rules/facts issued by the University or Government will be effective and obligatory.

**प्रस्तावना (Introduction)-** मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण माध्यम से इस पाठ्यक्रम को संचालित कर शिक्षार्थी को अन्य शिक्षण प्रणाली की अपेक्षा योग विषय की बारीकियों को सरलता से अवगत कराया जा सकता है। प्रस्तुत पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले शिक्षार्थियों का समूह अधिकतर ऐसा होता है कि योग के प्रयोगात्मक पक्ष का उन्हें ज्ञान तो होता है परन्तु कोई डिग्री इत्यादि न होने के कारण इन्हें रोजगार नही मिलता है। कई विद्यार्थी योग विज्ञान के दार्शनिक एवं चिकित्सकीय पक्ष को जानना चाहते हैं किन्तु पारिवारिक, आर्थिक या किसी अन्य पारिवारिक कारणों से परम्परागत विश्वविद्यालयों में योग विषय की उच्च शिक्षा से वंचित रहे हैं। अत: दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से ऐसे विद्यार्थियों योग के विषय की उच्च शिक्षा दी जा सकती है तथा जनमानस को समग्र स्वास्थ्य की प्राप्ति कराई जा सकती है।

## योग शिक्षा में रोजगार

योग विषय में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं, योग शिक्षा के माध्यम से सरकारी / गैर-सरकारी संस्थानों में रोजगार प्राप्त किया जा सकता है और समाज सेवा के माध्यम से भी लोगों को स्वास्थ्य लाभ देकर जागरूक किया जा सकता है। योग से संबंधित किसी भी कोर्स को करने के बाद आयुष विभाग, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय, शोध केन्द्रों, अस्पतालों तथा योग प्रशिक्षक के रूप में स्टूडियो या स्वयं की योग कक्षाओं के रूप में भी रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।

**उत्तराखण्ड राज्य के प्रत्येक महाविद्यालय तथा राजकीय विश्वविद्यालयों में योग प्रशिक्षक के रूप में रोजगार देने की पहल प्रारम्भ की है।**







**<u>निर्देशात्मक रूपरेखा</u>** – बी॰ ए॰ योग (ऑनर्स) पाठ्यक्रम की न्यूनतम अवधि 04 वर्ष तथा अधिकतम 08 वर्ष तक की होगी। पाठ्यक्रम कुल 176 श्रेयांक (22 श्रेयांक प्रति सेमेस्टर) का होगा।

# पाठ्यक्रम संरचना (BAY(Hons)-24)

**माध्यम-हिन्दी** **कुल श्रेयांक-176**

| S.No. | Title of the Course | Category | Marks | Credit | Course Code |
|---|---|---|---|---|---|
| **Semester-I** | | | | | |
| 1 | योग परिचय (Introduction of Yoga) | Discipline Specific Core (DSC)-1 | 100(70/30) | 4 | BYN-101 |
| 2 | हठयोग भाग-1 (Hatha Yoga Part-1) | Discipline Specific Core (DSC)-2 | 100(70/30) | 4 | BYN-102 |
| 3 | क्रियात्मक (Practical) | Discipline Specific Core (DSC)-3 | 100 | 4 | BYN-103 |
| 4 | | Choose one Generic Elective (GE)-1 | | 4 | |
| 5 | | Ability Enhancement Courses ( AEC ) | | 2 | |
| 6 | | Skills Enhancement Courses (SEC) | | 2 | |
| 7 | | Value Addition Course | | 2 | |

**नोट- शिक्षार्थी को क्रियात्मक (BYN-103) को उत्तीर्ण करने के लिए विश्वविद्यालय /अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित 15 दिवसीय सम्पर्क कक्षायें (Contact Classes) करना अनिवार्य है।** **(प्रति सेमेस्टर-22)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Semester-II** | | | | | |
| 1 | पातंजल योगसूत्र (Patanjal Yoga Sutra) | Discipline Specific Core (DSC)-4 | 100(70/30) | 4 | BYN-201 |
| 2 | प्राकृतिक चिकित्सा परिचय (Introduction of Naturopathy) | Discipline Specific Core (DSC)-5 | 100(70/30) | 4 | BYN-202 |
| 3 | क्रियात्मक (Practical) | Discipline Specific Core (DSC)-6 | 100 | 4 | BYN-203 |
| 4 | | Choose one Generic Elective (GE)-2 | | 4 | |
| 5 | | Ability Enhancement Courses ( AEC ) | | 2 | |
| 6 | | Skills Enhancement Courses (SEC) | | 2 | |
| 7 | | Value Addition Course | | 2 | |

**Students on exit shall be awarded Undergraduate Certificate (YOGA) after securing the requisite 44 credits in Semesters I and II**

**नोट- शिक्षार्थी को क्रियात्मक** (BYN-203) **को उत्तीर्ण करने के लिए विश्वविद्यालय /अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित 15 दिवसीय सम्पर्क कक्षायें (Contact Classes) करना अनिवार्य है।** **(प्रति सेमेस्टर-22)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Semester-III** | | | | | |
| 1 | मानव शरीर विज्ञान (Human Physiology) | Discipline Specific Core (DSC)-7 | 100(70/30) | 4 | BYN-301 |
| 2 | पूरक चिकित्सा पद्धतियां भाग-1 (Complementary Therapies Part-1) | Discipline Specific Core (DSC)-8 | 100(70/30) | 4 | BYN-302 |
| 3 | क्रियात्मक (Practical) | Discipline Specific Core (DSC)-9 | 100 | 4 | BYN-303 |
| 4 | Choose one Discipline Specific Elective (DSE)-1 from the pool<br>• पंचमहाभूत (Five Element)<br>• जल एवं पृथ्वी तत्व चिकित्सा (Water & Earth Element Therapy) | DSE-1x4= 4 (100(70/30)) | | 4 | BYN(E)-11<br>BYN(E)-12<br>BYN(E)-13 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | • हठयोग भाग-2 (Hatha Yoga Part-2)<br>Or<br>Choose two Generic Elective (GE)-3 from pool of courses | GE-1x4= 4 | | | |
| 5 | | Ability Enhancement Courses ( AEC ) | | 2 | |
| 6 | | Choose one Skills Enhancement Courses (SEC) | | 2 | |
| 7 | | Choose one Value Addition Course | | 2 | |

**नोट- शिक्षार्थी को क्रियात्मक (BYN-303) को उत्तीर्ण करने के लिए विश्वविद्यालय /अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित 15 दिवसीय सम्पर्क कक्षायें (Contact Classes) करना अनिवार्य है।** **(प्रति सेमेस्टर-22)**

| **Semester-IV** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूरक चिकित्सा पद्धतियां भाग-2 (Complementary Therapies Part-2) | Discipline Specific Core (DSC)-10 | 100(70/30) | 4 | BYN-401 |
| 2 | योग एवं आयुर्वेद (Yoga and Ayurveda) | Discipline Specific Core (DSC)-11 | 100(70/30) | 4 | BYN-402 |
| 3 | क्रियात्मक (Practical) | Discipline Specific Core (DSC)-12 | 100 | 4 | BYN-403 |
| 4 | Choose one Discipline Specific Elective (DSE)-2 from the pool<br>• पंचमहाभूत (Five Element)<br>• जल एवं पृथ्वी तत्व चिकित्सा (Water & Earth Element Therapy)<br>• हठयोग भाग-2 (Hatha Yoga Part-2)<br>Or<br>Choose two Generic Elective (GE)-4 from pool of courses | DSE-1x4= 4 (100(70/30))<br>GE-1x4= 4 | | 4 | BYN(E)-11<br>BYN(E)-12<br>BYN(E)-13 |
| 5 | | Ability Enhancement Courses ( AEC ) | | 2 | |
| 6 | | Choose one Skills Enhancement Courses (SEC) | | 2 | |
| 7 | | Value Addition Course | | 2 | |

**Students on exit shall be awarded Undergraduate Diploma (YOGA) after securing the requisite 88 credits on completion of Semester III and IV**

**नोट- शिक्षार्थी को क्रियात्मक (BYN-403) को उत्तीर्ण करने के लिए विश्वविद्यालय /अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित 15 दिवसीय सम्पर्क कक्षायें (Contact Classes) करना अनिवार्य है।** **(प्रति सेमेस्टर-22)**

| **Semester-V** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वस्थवृत्त आहार एवं पोषण (Healthy diet and Nutrition) | Discipline Specific Core (DSC)-13 | 100(70/30) | 4 | BYN-501 |
| 2 | शारीरिक रोगों की वैकल्पिक चिकित्सा (Alternative Therapy for physical diseases) | Discipline Specific Core (DSC)-14 | 100(70/30) | 4 | BYN-502 |
| 3 | क्रियात्मक (Practical) | Discipline Specific Core (DSC)-15 | 100 | 4 | BYN-503 |
| 4 | Choose one Discipline Specific Elective (DSE)-3 from the pool<br>• पूरक चिकित्सा पद्धतियां भाग-3 (Complementary Therapies Part-3) | DSE-1x4= 4 (100(70/30)) | | | BYN(E)-14<br>BYN(E)-15 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | • सामान्य मनोविज्ञान (General Psychology)<br>• शरीर विज्ञान,स्वास्थ्य एवं निदान विधियाँ (Physiology, Health and Diagnostic Methods)<br>Or<br>Choose two Generic Elective (GE)-5 from pool of courses | GE-1x4= 4 | | 4 | BYN(E)-16 |
| 5 | | Choose one Generic Elective (GE)-5 | | 4 | |
| 6 | | Choose one Skills Enhancement Courses (SEC) | | 2 | |

**नोट- शिक्षार्थी को क्रियात्मक (**BYN-503**) को उत्तीर्ण करने के लिए विश्वविद्यालय/अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित 15 दिवसीय सम्पर्क कक्षायें (Contact Classes) करना अनिवार्य है।** **(प्रति सेमेस्टर-22)**

**Semester-VI**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनोरोगों की वैकल्पिक चिकित्सा (Alternative Therapy for Mental diseases) | Discipline Specific Core (DSC)-16 | 100(70/30) | 4 | BYN-601 |
| 2 | सामान्य जड़ी-बूटियां परिचय एवं उपयोग (Common Herbs: Introduction and utility) | Discipline Specific Core (DSC)-17 | 100(70/30) | 4 | BYN-602 |
| 3 | क्रियात्मक (Practical) | Discipline Specific Core (DSC)-18 | 100 | 4 | BYN-603 |
| 4 | Choose one Discipline Specific Elective (DSE)-4 from the pool<br>• पूरक चिकित्सा पद्धतियां भाग-3 (Complementary Therapies Part-3)<br>• सामान्य मनोविज्ञान (General Psychology)<br>• शरीर विज्ञान, स्वास्थ्य एवं निदान विधियाँ (Physiology, Health and Diagnostic Methods)<br>Or<br>Choose two Generic Elective (GE)-6 from pool of courses | DSE-1x4= 4 (100(70/30))<br><br>GE-1x4= 4 | | 4 | BYN(E)-14<br>BYN(E)-15<br>BYN(E)-16 |
| 5 | | Choose one Generic Elective (GE)-6 | | 4 | |
| 6 | | Choose one Skills Enhancement Courses (SEC) | | 2 | |

**Students on exit shall be awarded Bachelor of (YOGA) Honours (3 years) after securing the requisite 132 credits on completion of Semester V and VI**

**नोट- शिक्षार्थी को क्रियात्मक (**BYN-603**) को उत्तीर्ण करने के लिए विश्वविद्यालय /अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित 15 दिवसीय सम्पर्क कक्षायें (Contact Classes) करना अनिवार्य है।** **(प्रति सेमेस्टर-22)**

| Semester-VII | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रियात्मक (Practical) | Discipline Specific Core (DSC)-19 | | 4 | BYN-701 |
| 2 | Choose one Discipline Specific Elective (DSE) from the pool<br>• योग के आधारभूत तत्व (Fundamental of Yoga)<br>• हठयोग के सिद्धान्त (Principle of Hatha Yoga)<br>• मानव जीव विज्ञान एवं योग (Human Biology and Yoga)<br>Or<br>Choose two Generic Elective (GE) from pool of courses | DSE-1x4= 4 (100(70/30))<br><br>GE-2x4= 8 | | 12 | BYN(E)-17<br>BYN(E)-18<br>BYN(E)-19 |
| 3 | योग में अनुसंधान विधियाँ एवं सांख्यिकी (Research Methodology and Statistics in Yoga) | | 100(70/30) | 6 | BYN-702 |

**नोट- शिक्षार्थी को क्रियात्मक (BYN-701) को उत्तीर्ण करने के लिए विश्वविद्यालय /अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित 15 दिवसीय सम्पर्क कक्षायें (Contact Classes) करना अनिवार्य है। (प्रति सेमेस्टर-22)**

| Semester- VIII | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रियात्मक (Practical) | Discipline Specific Core (DSC)-20 | 100 | 4 | BYN-801 |
| 2 | Choose one Discipline Specific Elective (DSE) from the pool<br>• योग के आधारभूत तत्व (Fundamental of Yoga)<br>• हठयोग के सिद्धान्त (Principle of Hatha Yoga)<br>• मानव जीव विज्ञान एवं योग (Human Biology and Yoga)<br>Or<br>Choose two Generic Elective (GE) from pool of courses | DSE-1x4= 4 (100(70/30) )<br><br>GE-2x4= 8 | | 12 | BYN(E)-17<br>BYN(E)-18<br>BYN(E)-19 |
| 3 | व्यवहारिक मनोविज्ञान एवं योग (Applied Psychology and Yoga) | | 100(70/30) | 6 | BYN-802 |

**Students on exit shall be awarded Bachelor of (YOGA) Honours with disciplinary after securing the requisite 176 credits on completion of Semester VII and VIII**

**नोट- शिक्षार्थी को क्रियात्मक (BYN-801) को उत्तीर्ण करने के लिए विश्वविद्यालय/अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित 15 दिवसीय सम्पर्क कक्षायें (Contact Classes) करना अनिवार्य है। (प्रति सेमेस्टर-22)**

**प्रवेश, वितरण एवं मूल्यांकन विधि** –

**(क) पाठ्यक्रम अवधि:-** 4 वर्ष (न्यूनतम), 8 वर्ष (अधिकतम)।

**(ख) पाठ्यक्रम योग्यता:-** 10+2 तथा योग में प्रमाण पत्र (न्यूनतम दो माह) तथा प्रवेश परीक्षा

**अथवा**

10+2 तथा योग प्रमाणन वोर्ड (YCB) से प्रमाण पत्र तथा प्रवेश परीक्षा

**(ग) पाठ्यक्रम माध्यम** - हिन्दी

**(घ) पाठ्यक्रम श्रेयांक** - 176 (22 प्रति सेमेस्टर)

**(ङ) पाठ्यक्रम शुल्क**:- रू. 5100/- प्रति सेमेस्टर (कुल पाठ्यक्रम शुल्क 40,800/-)

**(च) प्रति कार्यशाला शुल्क**:- रू. 1500/- प्रति सेमेस्टर (प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ. पंचम, षष्टम, सप्तम एवं अष्टम सेमेस्टर

कुल कार्यशाला शुल्क 12000/-)

**नोट-** (वित्त समिति के अनुमोदन की प्रत्याशा में बी. ए. योग (ऑनर्स) के नियमानुसार पाठ्यक्रम शुल्क की अनुशंसा (Recomendation) अध्ययन बोर्ड करती है)

**(छ) परीक्षा शुल्क**:- लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय नियमानुसार ।

**नोट- विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त किसी भी शुल्क में नियमानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।**

## बी॰ ए॰ योग (ऑनर्स) कार्यक्रम प्रवेश नियम

### प्रवेश प्रक्रिया

बी॰ए॰ योग (ऑनर्स) कार्यक्रम में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में प्रवेशार्थियों के द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर किया जायेगा। अभ्यर्थी को आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन पूर्ण सूचनाओं सहित भरना है। आवश्यक प्रमाण पत्र प्रवेश परीक्षा के उपरान्त बी॰ए॰ योग (ऑनर्स) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्रवेश के समय संलग्न किये जायेंगे। प्रवेश परीक्षा का विवरण तथा प्रश्नों का नमूना आगे दिया गया है। प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयनित होने के उपरांत अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश के समय प्रवेश पात्रता सम्बन्धी अपेक्षित मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी प्रतियाँ तथा कार्यक्रम शुल्क जमा करने पर ही उसका प्रवेश पूर्ण समझा जायेगा। प्रवेश में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय नियमानुसार पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। पंजीकरण शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।

**प्रवेश आवेदन-पत्र**

बी॰ ए॰ योग (ऑनर्स) कार्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा में आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uou.ac.in के लिंक पर जाकर बी०ए० योग (ऑनर्स) के लिंक में निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन करना होगा-

- वांछित सूचनाएं अपलोड करने के उपरान्त विद्यार्थियों को परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा।
- पंजीकरण संख्या, जन्म तिथि आदि व चालान के यूनिक नं. की सहायता से अभ्यर्थी को पुनः उसी लिंक में जाकर प्रवेश परीक्षा आवेदन पत्र को जनरेट कर ऑनलाइन वांछित सूचनाओं को अपलोड कर आवेदन करना होगा। अभ्यर्थी को प्रवेश आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना नवीनतम रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर स्कैन कर प्रविष्ट करना होगा। प्रवेश परीक्षा की तिथि एवं समय की सूचना प्रवेश पत्र पर अंकित की जायेगी एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uou.ac.in पर भी परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पूर्व प्रदर्शित की जायेगी। प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uou.ac.in पर उपलब्ध रहेगा। प्रवेश पत्र को अभ्यर्थी परीक्षा तिथि से 03 दिन पूर्व डाउनलोड कर सकेगें। प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आबंटन का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय में निहित है। प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति का अर्थ यह नहीं है कि अभ्यर्थी बी॰ ए॰ योग (ऑनर्स) में प्रवेश सम्बन्धी पात्रता को पूर्ण करता है।
- प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के समय ABC एवं DEB आई.डी. बनाकर साथ लाना अनिवार्य होगा, जिसके उपरान्त ही अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेगा ।

**प्रवेश परीक्षा शुल्क एवं कार्यक्रम शुल्क**

बी॰ ए॰योग (ऑनर्स) कार्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय नियमानुसार होगा। अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा के इस शुल्क का भुगतान ऑनलाइन ट्रान्सफर से ही करना होगा।

**महत्वपूर्ण तिथियॉ**

| क्रम.सं. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन | 23 जून 2025 से आरम्भ |
| 2. | प्रवेश परीक्षा (Online) | प्रवेश परीक्षा की तिथि परीक्षा अनुभाग द्वारा घोषित की जायेगी।। जिसकी तिथि वेबसाइट में बाद में घोषित की जायेगी। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा पंजीकरण के समय दी गई मेल आई०डी० को समय –समय पर देखना सुनिश्चित करें। |
| 3. | प्रवेश परीक्षा परिणाम | प्रवेश परीक्षा परिणाम की तिथि परीक्षा अनुभाग द्वारा घोषित की जायेगी ।। जिसकी तिथि वेबसाइट में बाद में घोषित |

| | | |
|---|---|---|
| | | की जायेगी । विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा पंजीकरण के समय दी गई मेल आई०डी० को समय –समय पर देखना सुनिश्चित करें। |
| 4. | दस्तावेज सत्यापन (विश्वविद्यालय मुख्यालय में ) | दस्तावेज सत्यापन विश्वविद्यालय मुख्यालय तथा विश्वविद्यालय के देहरादून परिसर में किया जायेगा । जिसकी तिथि वेबसाइट में बाद में घोषित की जायेगी । विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा पंजीकरण के समय दी गई मेल आई०डी० को समय –समय पर देखना सुनिश्चित करें। |

**नोट- अपरिहार्य कारणों में प्रवेश परीक्षा की तिथि एवं कार्यक्रम शुल्क में विश्वविद्यालय द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है।**

**बी० ए० योग (ऑनर्स) प्रवेश परीक्षा की विषयवस्तु निम्नानुसार होगी।**

योग के आधारभूत तत्व, पातंजल योग दर्शन, हठयोग, मानव शरीर रचना विज्ञान, प्राकृतिक चिकित्सा, भगवद्गीता व पूरक चिकित्सा पद्धति। प्रवेश परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसमें वस्तुनिष्ठ (MCQ) प्रकार के 50 प्रश्न होंगे, प्रत्येक प्रश्न 02 नंबर का होगा, जिसमें 20 प्रतिशत योग विषयक समसामयिकी घटना एवं 80 प्रतिशत योग सम्बंधित प्रायोगिक प्रश्नों का समावेश होगा । प्रवेश परीक्षा का आयोजन सत्रीय कार्य की भाति ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा, जिसकी समयावधि 01 घण्टे होगी। प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु परीक्षार्थी को न्यूनतम 36 अंक प्राप्त करने होंगे। प्रवेश परीक्षा आरम्भ होने के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थी को एक लिंक प्रदान किया जायेगा, जिन पर अभ्यर्थी को प्रश्नों के उत्तर इंगित करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न के क्रमांक के आगे चार गोले, जिनमें क्रमशः A B C D अक्षर मुद्रित होगा, दिये गये होंगे। प्रत्येक प्रश्न को पढ़ने के उपरान्त अभ्यर्थी को सही उत्तर का चयन करना होगा। गलत उत्तर का कोई नंबर नहीं काटा जायेगा, प्रवेश हेतु सम्मिलित किये जाने वाले प्रश्नों के नमूने निम्नवत है-

## Model Question paper-

**Que-1** ‘योग: कर्मसु कौशलम ’किस ग्रंथ में वर्णित गया है ('Yogaha karmashu kaushalam' has mentioned in which text)

A. श्रीमद्भगवत गीता (Shrimad Bhagwat Geeta)
B. योग शिखोपनिषद (Yoga Shikhopnishasd)
C. पांतजल योग सूत्र (Patanjal Yogasutra)

D. हठप्रदीपिका (Hathpardeepika)

**Que-2** चित्त की वृत्तियों का निरोध होना योग है , किस महर्षि के अनुसार है (According to which Maharshi removing the flunctations (vritti) of mind(chitta) is yoga)

A. महर्षि कपिल (Maharishi Kapil)
B. महर्षि पतंजलि (Maharishi Patanjali)
C. महर्षि याज्ञवल्क्य (Maharishi Yagyavalkya)
D. महर्षि रामानन्द सागर (Maharishi Ramananda Sagar)

**पाठ्यक्रम शुल्क-**

बी॰ ए॰ योग (ऑनर्स) कार्यक्रम शुल्क रु0 (8750/-) प्रति सेमेस्टर है, जो विश्वविद्यालय द्वारा परिवर्तनीय होगी। प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के साथ प्रवेशार्थी को सम्पूर्ण शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। अभ्यर्थियों को शेष अन्य सेमेस्टर का शुल्क ऑनलाइन माध्यम से यथा समय जमा करना होगा।

**शिक्षण पद्धति-**

बी॰ ए॰ योग (ऑनर्स) कार्यक्रम में बहुमाध्यम दृष्टिकोण को सम्मिलित किया गया है अर्थात् स्व-अध्ययन मुद्रित सामग्री, श्रव्य/दृश्य कार्यक्रम तथा प्रयोगात्मक कार्य के द्वारा अनुदेशन किया जायेगा। बी०ए०योग (ऑनर्स) कार्यक्रम हेतु अनुदेशनात्मक पद्धति में निम्नलिखित सम्मिलित हैं-

- स्व-अनुदेशनात्मक मुद्रित सामग्री
- श्रव्य दृश्य एवं अन्य इलेक्ट्रानिक अनुदेशन
- परामर्श सत्र
- प्रयोगात्मक कार्य
- कार्यशाला

सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी का शिक्षण में वृहद रूप में प्रयोग किया जायेगा। विश्वविद्यालय शिक्षा में निश्चित शिक्षण विधि का उपयोग पाठ्यक्रम विकास में किया जायेगा। आवश्यक सुविधांए- अध्यापकगण/परामर्शदाता, भौतिक संसाधन, प्रयोगशाला, पुस्तकालय इत्यादि विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर तथा अध्ययन केन्द्रों पर उपलब्ध रहेंगी। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित/अध्ययन केन्द्र 15 दिवसीय कार्यशाला में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना होगा


AIR PRANA
Blast







## मूल्यांकन पद्धति/ परीक्षा

बी॰ ए॰ योग (ऑनर्स) कार्यक्रम में सत्रीय प्रणाली को अपनाया गया है। विभिन्न प्रश्न-पत्रों के लिए मूल्यांकन में निम्नलिखित पक्ष सम्मिलित रहते है-

- आवधिक सत्रीय कार्य (अधिन्यास कार्य परीक्षा में 30 प्रतिशत अधिभार)
- सत्रांत परीक्षा (परीक्षा में 70 प्रतिशत अधिभार)

प्रत्येक प्रश्नपत्र/प्रश्नपत्रों के परामर्श एवं सम्पर्क शिक्षण परामर्श कार्यक्रम में कम से कम 80 प्रतिशत तथा प्रशिक्षण/कार्यशाला/शिक्षण अभ्यास/इण्टर्नशिप में कम से कम 90 प्रतिशत उपस्थिति रखने तथा अधिन्यास प्रस्तुत करने पर ही शिक्षार्थी को सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी। शिक्षार्थी को प्रश्न-पत्र विशेष के अधिन्यास तथा सत्रांत परीक्षा में अलग-अलग न्यूनतम 35 प्रतिशत अंक पाने पर उस प्रश्न-पत्र में उत्तीर्ण घोषित किया जायेगा। सभी प्रश्न-पत्रों को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर शिक्षार्थी को अन्तिम सत्र के अन्त में उसके प्राप्तांकों के आधार पर सैद्धान्तिक तथा प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए अलग-अलग श्रेणी प्रदान की जायेगी-

- प्रथम श्रेणी - 60 प्रतिशत या अधिक
- द्वितीय श्रेणी - 48 प्रतिशत या अधिक परन्तु 60 प्रतिशत से कम
- तृतीय श्रेणी - 35 प्रतिशत या अधिक परन्तु 48 प्रतिशत से कम

**अध्ययन केन्द्र एवं परीक्षा केन्द्र-**

प्रवेश परीक्षा प्राप्तांकों के आधार पर तैयार मेरिट एवं आरक्षण प्रावधानों के अनुरूप अध्ययन केन्द्रों का आबंटन प्रवेश परामर्श प्रक्रिया के समय सुनिश्चत किया जायेगा। प्रवेश परामर्श प्रक्रिया की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की सूची भी वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे विश्वविद्यालय की बेबसाइट का अवलोकन करते रहेगें। विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित अध्ययन केन्द्र किसी भी दशा में परिवर्तित नहीं किये जायेगे। विशेष परिस्थितियों में निर्धारित शुल्क देकर परीक्षा केन्द्र परिवर्तन सम्भव है। परन्तु यह परिवर्तन प्रयोगात्मक परीक्षा में लागू नहीं होगा।

**विशेष सूचना-**

इस प्रवेश सूचना विवरणिका में दी गई सूचनाओं में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता अथवा विसंगति की स्थिति में विश्वविद्यालय अधिनियम परिनियम व अध्यादेशों में वर्णित व्यवस्था एवं विश्वविद्यालय का निर्णय ही अन्तिम होगा। कतिपय कारणों से अंकित विषयों में परिवर्तन की दशा में यथासमय विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचना उपलब्ध करायी जायेगी।

कृपया आप स्वयं अच्छी तरह से सुनिश्चित कर लें कि इस आवेदन पत्र में आपके द्वारा उल्लिखित सूचनायें सही-सही भरी है। विश्वविद्यालय द्वारा इस सम्बन्ध में आपके द्वारा दी गयी सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

| PROGRAMME NAME & ABBREVIATION | PROGRAMME (CODE) | ELIGIBILITY | DURATION (IN YEAR) | | SLM | MODE OF EXAM | YEAR/ SEM | DETAILS OF FEE STRUCTURE | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Minimum | Maximum | | | | Programme Fee | Project/ Workshop Fee | Exam Fee | SEC | Practical | Viva- Voce | Miscellaneous | Degree Fee | Grand Total |
| BACHELOR OF ARTS (YOGA) – B.A.Yoga (Hons) | BAY-24) | 10+2 तथा योग में प्रमाण पत्र (न्यूनतम दो माह) तथा प्रवेश परीक्षा<br>**अथवा**<br>10+2 तथा योग प्रमाणन बोर्ड (YCB) से प्रमाण पत्र तथा प्रवेश परीक्षा | 4 | 8 | Hindi | Semester | I | 5100 | 1000 | 1500 | 500 | - | 500 | 150 | | 8750 |
| | | | | | | | II | 5100 | 1000 | 1500 | 500 | - | 500 | - | | 8600 |
| | | | | | | | III | 5100 | 1000 | 1500 | 500 | - | 500 | - | | 8600 |
| | | | | | | | IV | 5100 | 1000 | 1500 | 500 | - | 500 | - | | 8600 |
| | | | | | | | V | 5100 | 1000 | 1250 | 500 | - | 500 | - | | 8350 |
| | | | | | | | VI | 5100 | 1000 | 1250 | 500 | - | 500 | - | | 8350 |
| | | | | | | | VII | 5100 | 1000 | 1000 | - | - | 500 | - | | 7600 |
| | | | | | | | VIII | 5100 | 1000 | 1000 | - | - | 500 | - | 500 | 8100 |

**नोट-** उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश **हेतु न्यूनतम दो माह का योग में प्रमाण पत्र** होना अनिवार्य है साथ ही शिक्षार्थी को **प्रवेश परीक्षा भी उत्तीर्ण** करनी होगी। यह पाठ्यक्रम चार वर्ष अर्थात आठ सेमेस्टर एवं कुल-176 श्रेयांक (22 प्रति सेमेस्टर) का है। प्रत्येक सेमेस्टर में **15 दिवसीय कार्यशाला** का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। जिसमें अनिवार्य रूप से प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिभाग करना होगा तभी विद्यार्थी प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को अपने भोजन एवं आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। कार्यशाला के स्थान एवं समय का निर्धारण विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

विद्यार्थी प्रवेश के समय अपने कार्यक्रम का संपूर्ण शुल्क (Grand Total) जमा करें। विद्यार्थी को अध्ययन सामग्री उसी माध्यम से दी जाएगी जो उसके कार्यक्रम के सामने SLM शीर्षक में निर्दिष्ट है।